आकाशवाणी शिमला

24.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बेहतर कल के लिए मजबूत बुनियादी ढांचे में निवेश जरूरी है। प्रधानमंत्री ने आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे पर छठे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक वीडियो संदेश में कहा कि आपदाओं को अक्सर आर्थिक नुकसान की दृष्टि से देखा जाता है लेकिन इनका व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों पर वास्तव में बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने नई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और आपदा के बाद पुनर्निर्माण के प्रयासों में मजबूती के पहलू पर जोर दिए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आपदाओं का प्रभाव सीमाओं से परे होता है और इससे निपटने के लिए देशों के बीच परस्पर सहयोग जरूरी है। दो दिन का यह सम्मेलन आज नई दिल्ली में शुरू हुआ।

राज्यपाल

हिमाचल प्रदेश वित्त व लेखा सेवा के 30 प्रशिक्षु अधिकारियों ने आज राजभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वित्तीय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में सफल होना उनके समर्पण व कड़ी मेहनत का परिणाम है। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन जनहित में करने का आहवान किया। ये सभी प्रशिक्षु अधिकारी हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान हिप्पा में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

अनुराग

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में देश के विकास के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी वर्गों का समान विकास सुनिश्चित किया है और देश के करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया। अनुराग ठाकुर ने आज हैदराबाद में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि पिछले 10 वर्षों में चार करोड़ लोगों को पक्के आवास, 13 करोड नल से जल, 12 करोड़ शौचालय, 11 करोड़ बहनों को रसोई गैस सिलेंडर करीब 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज और 60 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को पांच लाख रूपए तक के निशुल्क इलाज की सुविधा दी गई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है जबकि कांग्रेस ने अपने 60 वर्षों के शासनकाल में देश का सिर्फ नुकसान ही किया है। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि देश में केवल मोदी की गारंटी चलती है और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

यूनिवर्सल कार्टन

प्रदेश में अब सेब 20 किलोग्राम क्षमता वाले यूनिवर्सल कार्टन में पैक होगा। इस संबंध में आज अधिसूचना जारी हो गई है। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सेब बागवान लम्बे समय से इसकी मांग कर रहे थे और प्रदेश सरकार ने विधानसभा सत्र के दौरान ही यूनिवर्सल कार्टन लागू करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल कार्टन से बागवानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस विषय में पहले ही कार्टन कम्पनियों को भी जानकारी दे दी गई है ताकि कार्टन की उपलब्धता आसानी से हो सके। जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर प्रदेश में चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप भी लगाया।

संजय अवस्थी

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार पूरी तरह मज़बूत व स्थिर है और सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अभी भी पूर्ण बहुमत है और 6 विधानसभा उप चुनाव में भाजपा को करारी हार का मुंह देखना पड़ेगा। संजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा ने षडयंत्र के तहत प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का जो प्रयास किया उसमें वो पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस के छः विधायकों की खरीद फरोख्त कर लोकतंत्र का अपमान किया है और अब भाजपा धन बल से कांग्रेस के किसी भी नेता की खरीद फरोख्त नहीं कर सकेगी।

स्वीप कार्यक्रम

निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर निर्वाचन विभाग द्वारा लगातार अनेक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में कुल्लू जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खराहल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वीप टीम के जिला नोडल अधिकारी व नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के उप निदेशक लाल सिंह ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व की जानकारी दी।